**NEW DELHI MUNICIPAL COUNCIL**

***NDMC is all set to mark Second International Yoga Day***

*New Delhi – June 18, 2016*

The Ministry of AYUSH, Government of India and New Delhi Municipal Council (NDMC) are all set to organize the 2nd International Yoga Day on June 21, 2016 at Connaught Place, New Delhi and its six radials and inner circles, roads alongwith three gardens Lodhi Garden, Nehru Park, Talkatora Garden.

As many as about 10,000 participants will be performing the common protocol Yoga. Programme will start at 6.00 a.m. and common Protocol Yoga by all participants will start at 7:00 a.m. and go up to 7:45 a.m. The diplomats will participate in Yoga programme at Nehru Park.

Union Minister for Urban Development, Shri Venkaiah Naidu will be the Chief guest, while Lt. Governor of Delhi Shri Najeeb Jung and Member of Parliament, Smt Meenakashi Lekhi be the guest of honour on the occasion and take part in the performing yoga event. This was informed by Secretary, NDMC, Smt.Chanchal Yadav while speaking to the media persons here today.

Outlining the details of the Yoga event the Secretary informed that volunteers from organizations like Patanjali Yoga Peetha, Art of Living, Maa Shakti, Prajapita Brahma Kumaris Ishwariya Vidyalaya, Dev Sanskriti Uni.Haridwar (Gayatri Pariwar), Moraji Desai National Institute of Yoga (MDNIY), Delhi Police, NDMC, CISF, CRPF, BSF, ITBP, Walking Volunteers, General Public, VVIPs and VIPs would perform the yoga on the occasion.

She informed that the other attraction of the Yoga event would be the activities performed by eminent organizations, like ‘Ability Unlimited’ and it would present Yoga demonstration on wheel chair, Trisha Kali Martial Art will be presented by CISF, Cultural programme by the student of Jnanasindhu School for Blind, Karnataka, Yoga songs by NDMC school children. She further added that Shri Sangram Singh would share his personal experience with the participants about the benefit of Yoga.

In order to facilitate the participants of Yoga session, the Secretary said that the NDMC in overall coordination with AYUSH, Government of India is organizing the programme at Connaught Place, Nehru Park, Lodi Garden and Talkatora Garden. NDMC will make necessary arrangement civic and basic facilities comprising with in this regard including potable water, mobile toilet, ambulance and first-aid desk at all sites of the Yoga events.

She further informed that the parking arrangement would be made for the convenience of the participants. Arrangement to this effect had been made at Shivaji Stadium, Deen Dayal Upadhaya Marg, Jai Singh Road, Jantar Mantar for Buses. While the Car Parking facilities would be available at Shivaji Stadium Parking, Shanker Market – Fire Brigade Lane, underground parking of NDMC building, Jai Singh Road, Jantar Mantar and Jeevan Bharti Building of Sansad Marg.

Public Service Undertakings (PSUs) like Oil and Natural Gas Corporation (ONGC), Khadi and Village Industries Corporation (KVIC), National Hydro Power Corporation (NHPC) and Rural Electrification Corporation (REC) have extended their support in organising it.

With the aim to organize the prestigious event in a befitted manner and yoga as a build-up campaign, yoga camps are being organized at Lodhi Garden, Talkatora Garden and Nehru Park. The special yoga sessions are being held at Raahgiri at Connaught Place from June 4, 2016 onwards, she added.

In order to promote yoga and general well being of the citizen, the Secretary, NDMC said that NDMC has decided to continue yoga programme on regular basis atleast six days in a week in morning hours at Lodhi Garden, Nehru Park and Talkatora Garden in collaboration with the Art of Living, Patanjali Yoga Peeth and Morarji Desai National Institute of Yoga and sites have been identified for the purpose.

It may be recalled that extending recognition to the Indian Cultural and heritage and honour to the Indian Prime Minister, the United Nations General Assembly had declared June 21st as the International Yoga Day on December 11, 2014. Accordingly the first International Yoga Day Celebration was organized at Rajpath in New Delhi on June 21, 2015, she said.

------

Shehrawat

# नई दिल्ली नगरपालिका परिषद्

- **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् की तैयारियाँ पूर्ण**

***नई दिल्ली 18 जून, 2016***

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2016 को भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के सहयोग से नई दिल्ली में कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क, इनर सर्कल और कनॉट प्लेस के छह रेडियल सडकों पर आयोजित किया जाएगा । इसके साथ इस योग कार्यक्रम का आयोजन पालिका परिषद् के तीन मुख्य उद्यानों नेहरू पार्क, लोधी गार्डन और तालकटोरा गार्डन में किया जाएगा।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कॅनाट प्लेस में दस हजार लोग योग कार्यक्रम में शामिल होंगे । यह कार्यक्रम सुबह 06:00 बजे से आरंभ होगा । योग का मुख्य कार्यक्रम 07:00 से 07:45 तक चलेगा । नेहरू पार्क में विभिन्न देशों के राजदूत और राजनयिक इस योग कार्यक्रम में शामिल होगें।

इस कार्यक्रम में भारत सरकार के शहरी विकास मंत्री, श्री वैंकया नायडु मुख्य अतिथि होगें तथा दिल्ली के उपराज्यपाल श्री नजीब जंग और नई दिल्ली से सांसद श्रीमती मीनाक्षी लेखी सम्माननीय अतिथि के रूप में शामिल होगें । यह जानकारी आज पालिका परिषद् की सचिव, श्रीमती चंचल यादव ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए दी ।

पालिका परिषद् सचिव ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पातंजलि योगपीठ, आर्ट ऑफ लिविंग, माँ शक्ति, प्रजापिता ब्रहमकुमारी ईश्वरीय विद्यालय, देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार (गायत्री परिवार), मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, दिल्ली पुलिस, पालिका परिषद्, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, भारत तिब्बत सीमा पुलिस और आम जनता के प्रतिनिधियों के साथ, अति-विशिष्ट व्यक्ति और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस कार्यक्रम में भाग लेगे ।

उन्होंने बताया कि इस विशाल योग आयोजन के अवसर पर अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएगे, जिनमें 'ऐबिलिटी अनलिमिटेड' के दिव्यांगजन व्हीलचेयर पर योग प्रदर्शन करना, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों द्वारा मार्शलआर्ट प्रदर्शन, ज्ञान सिंधु अंध-महाविद्यालय, कर्नाटक के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् विद्यालयों के छात्रों द्वारा योग-गान प्रस्तुतिकरण और श्री संग्राम सिंह योग से होने वाले लाभ के बारे में अपने व्यक्तिगत अनुभवों का आदान-प्रदान करना शामिल होगा ।

पालिका परिषद् सचिव ने बताया कि भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के साथ मिलकर योग सत्र के सुचारू आयोजन के लिए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् द्वारा विभिन्न नागरिक और आधारभूत सुविधाएँ आयोजन स्थल पर उपलब्ध कराई जाएगीं । इन सुविधाओं में पेयजल, सचल शौचालय, एम्बुलेंस और प्राथमिक चिकित्सा सुविधा आदि शामिल होगी ।

उन्होंने आगे बताया कि योग कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों की सुविधा के लिए कनॉट प्लेस में कई स्थानों पर पार्किंग की विशेष व्यवस्था की गई है । बसों के लिए पार्किंग की व्यवस्था शिवाजी स्टेडियम, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, जय सिंह रोड, जंतर-मंतर पर की गई है । कार पार्किंग के लिए शिवाजी स्टेडियम की पार्किंग में, शंकर मार्किट फायर ब्रिग्रेड लेन, पालिका केन्द्र की भूमिगत पार्किंग, जय सिंह रोड, जंतर-मंतर और जीवन भारती बिल्डिंग संसद मार्ग पर की गई है ।

इस भव्य योग आयोजन को अनेक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) ने सहयोग दिया है, जिनमें तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी), खादी ग्रामोद्योग निगम, राष्ट्रीय हाइड्रो पॉवर निगम (एनएचपीसी) और ग्रामीण विद्युतिकरण निगम (आरईसी) शामिल है ।

पालिका परिषद् द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को सफल बनाने के उद्‌देश्य से नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् 4 जून, 2016 से क्षेत्र के बड़े उद्यानों लोधी गार्डन, तालकटोरा और नेहरू पार्क मे योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है और इसमे अब तक सैकड़ो लोगों ने भाग लिया है। कनॉट प्लेस में भी राहगीरी के अवसर पर योग सत्र का आयोजन किया जा चुका है।

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् ने निर्णय लिया है कि यें योग कार्यक्रम नियमित रूप से सप्ताह में कम से कम छह दिन सुबह लोधी गार्डन, तालकटोरा गार्डन और नेहरू पार्क में आर्ट ऑफ लिविंग, पंातजलि योगपीठ और मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के सहयोग से आयोजित किए जाएगें ।

उल्लेखनीय है कि भारतीय संस्कृति और इसकी विरासत को मान्यता एवं भारत के प्रधानमंत्री को सम्मान देने के उद्देश्य से सयुक्त राष्ट्र महासभा ने 11 दिसंबर, 2014 को प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाये जाने की घोषणा की थी । तदानुसार अनुसार पिछले वर्ष 21 जून, 2015 को नई दिल्ली में राजपथ पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का पहली बार सफल आयोजन किया गया था ।

-----------

शहरावत